दैनिक भास्कर
बीकानेर 18-02-2025

एसकेआरएयू • 4 से 6 मार्च तक होगा मेले का आयोजन

# आधुनिक कृषि तकनीक व प्रौद्योगिकी से रूबरू करवाने के लिए लगेगा किसान मेला

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 4 से 6 मार्च तक किसान मेला आयोजित किया जाएगा। किसानों को खेती की आधुनिकतम तकनीक, अनुसंधान तथा कृषि प्रौद्योगिकी से रूबरू करवाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले इस मेले में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु, झुंझुनूं तथा जैसलमेर के किसान, महिला कृषक, सरकारी व गैर सरकारी स्वायत्त शासी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस मेले की थीम इस वर्ष - "सुनियोजित कृषि -संपन्न किसान "रखी गई है। जिसमें किसानों को कृषि आधारित प्रयोगात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से कृषि तकनीक नवीनतम कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, कृषि पद्धति तथा उन्नत कृषि संयंत्रों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डॉ. नीना सरीन ने बताया कि मेले के दौरान मशरूम, मधुमक्खी पालन, बूंद बूंद सिंचाई पद्धति की जानकारी के लिए विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। मेले में आयोजित होने वाली विशेष गोष्ठियों के दौरान सेम, लवणीय और क्षारीय भूमि की समस्या तथा उनके समाधान के बारे में भी बताया जाएगा। जलवायु अनुकूलन तथा अन्य संबंधित बिन्दुओं पर कृषि गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

मेले की तैयारियों के लिए कुलपति डॉ अरुण कुमार की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में कुलपति ने समस्त समितियों को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करते हुए किसानों की मेले में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में वित्त नियंत्रक पवन कस्वां, अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश, भू सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम , छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार वर्मा, कृषि अनुसंधान केंद्र के क्षेत्र निदेशक डॉ एल एल देशवाल, सिमका इंचार्ज डॉ सुजीत कुमार यादव, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ज विक्रय काउंटर भी उपलब्ध होगा

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि मेले के दौरान किसानों की सुविधा के लिए बीज विक्रय काउंटर उपलब्ध करवाया जाएगा। जहां विभिन्न फसलों की उन्नत नस्लों के बीज विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने बीजों का पर्याप्त स्टाक रखने के निर्देश दिए।

**विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन :** किसान मेले में किसानों की सक्रिय भागीदारी के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिताओं में फसलों की विभिन्न किस्में सब्जियां और फूलों के प्रकार सहित पशुधन इत्यादि पर आधारित गतिविधियों में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं के लिए विशेष तौर पर बाजार और अन्य परिरक्षित खाद्य पदार्थ बनाने और कशीदाकारी से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। डॉ सरीन ने बताया कि तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस मेले में प्रत्येक दिन अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम होंगे । पंजीकरण, विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। विभिन्न विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया जाएगा।